तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **गोविन्द राजपुरोहित** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अतिरिक्त जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353906850121818	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
24/06/25	अपीलार्थी गोविन्द राजपुरोहित निवासी हाउस नं. 18, द्वितीय बी रोड, सरदारपुरा, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 13.05.2025 को ग्राम थोब तहसील ओसियां जिला जोधपुर के खसरा संख्या 1466 के बारे में Public Land Protection Committee के द्वारा उपखण्ड अधिकारी ओसियां को प्रेषित स्मरण पत्र दिनांक 25.03.2025 की निरन्तरता में आज दिनांक तक की गयी समस्त कार्यवाही की सूचना एवं अन्य बिन्दुओ से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 627 दिनांक 23.06.2025 से बतलाया कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना पत्र दिनांक 20.06.2025 द्वारा अपीलार्थी को प्रेषित की जा चुकी है। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना/सूचना के स्पष्टीकरण से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर [illegible] प्रभारी [illegible]	

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2025.06.2[illegible] 17:03:27 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 16122123